तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

12 खरीदी केंद्र किशनपुर-सिंघनपुर का किया ...



12 मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत बैज की ...





## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम कांपा में छट्ठी कार्यक्रम से लौट रहा एक व्यक्ति कार की टक्कर से घायल हो गया। मामले को लेकर तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को राजकुमार यादव पिता धुरसिंग यादव ग्राम गढ़सिवनी ने बताया कि 20 जनवरी को उसके पिता धुरसिंग एवं मां शांति बाई ग्राम कांपा छट्ठी कार्यक्रम में गये थे। कार्यक्रम से वापस ग्राम गढ़सिवनी आते समय एनएच 53 रोड ग्राम कांपा पैदल क्रासिंग करते समय रायपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 एचएल 1825 के चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके पिता का एक्सीडेंट कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकके विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नदी मोड़ घोड़ारी में दो बाइकों की भिड़ंत

**महासमुंद।** नदी मोड़ घोडारी इलाके में गुरुवार को दो बाइकों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 112 इमरजेंसी सेवा तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल (रायपुर) पहुंचाया। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार मेकाहारा में जारी है। वहीं, तीसरे व्यक्ति की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। चश्मदीदों ने बताया कि टक्कर काफी जबरदस्त थी, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस अब दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# हमाल संघ ने लकड़ी के पट्टे इस्तेमाल करने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ी हमाल संघ ने भारतीय खाद्य निगम और स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के गोदामों में चावल की स्टैकिंग के लिए लकड़ी के पट्टे बिछाने के निर्णय पर विरोध जताया है। संघ का कहना है कि लकड़ी के इन पट्टों के इस्तेमाल से मजदूरों की सुरक्षा को गंभीर खतरा है और इससे काम की गति भी धीमी हो जाएगी।

- **हमाल संघ ने जताई जानमाल के खतरे की आशंका, काम की गति भी होगी धीमी**

हमाल संघ ने जिले के कलेक्टर और संबंधित विभागों को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद के गोदामों में अभी तक चावल की बोरियों को जमीन पर झिल्ली (प्लास्टिक शीट) बिछाकर रखा जाता था। लेकिन, अब प्रशासन लकड़ी के पट्टे बिछाकर उसके ऊपर स्टैक लगाने की व्यवस्था लागू की जा रही है।

मजदूरों का कहना है कि लकड़ी के इन पट्टों के बीच में खाली जगह होती है, जिसमें भारी बोरी लेकर चलते समय पैर फंसने का डर रहता है। इससे किसी भी हमाल का पैर टूट सकता है। साथ ही इन पट्टों में नुकीली कीलें निकली हुई हैं, जिनसे मजदूरों को गंभीर चोट लग सकती है।

## हमाल संघ ने कलेक्टर समेत संबंधित विभागों को सौंपा ज्ञापन, निर्णय वापस लेने की मांग

### काम की रफ्तार और जगह पर असर

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि लकड़ी के पट्टे बिछाने से न केवल मजदूरों की जान जोखिम में है, बल्कि इसके अन्य व्यावहारिक नुकसान भी हैं जिसमें पट्टों के ऊपर संतुलन बनाकर चलना मुश्किल होता है, जिससे रेक लोडिंग और अनलोडिंग की गति धीमी हो जाएगी। लकड़ी के पट्टे अधिक जगह घेरते हैं, जिससे गोदामों में चावल का स्टॉक कम आएगा। संघ ने सीधा सवाल उठाया है कि यदि काम के दौरान किसी मजदूर को चोट लगती है या वह विकलांग होता है, तो उसका मुआवजा कौन देगा।



### विभिन्न विभागों को दी गई सूचना

छत्तीसगढ़ी हमाल संघ ने अपनी मांग को लेकर कलेक्टर महासमुंद, थाना प्रभारी, भारतीय खाद्य निगम, स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन और जिला प्रबंधक को प्रतिलिपि भेजी है। हमाल संघ के अध्यक्ष और सदस्यों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, वे लकड़ी के पट्टों पर काम करने के पक्ष में नहीं हैं। मजदूरों ने मांग की है कि पुराने तरीके से झिल्ली बिछाकर स्टैकिंग को ही जारी रखा जाए ताकि वे बिना किसी डर के अपना काम कर सकें।

## कार्रवाई : कोमाखान पुलिस ने घेराबंदी कर गांजा की बड़ी खेप पकड़ी

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की कार्रवाई, 40 लाख रुपए का गांजा जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा तस्करी की सूचना पर कोमाखान पुलिस ने घेराबंदी कर तस्करी किए जा रहे गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने तस्करी में शामिल दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 80 किलो ग्राम गांजा और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही स्कॉर्पियो कार जब्त की है। पकड़े गए गांजा की कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 0907 में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ ओडिशा की ओर से लाया जा रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई टीम ने कोमाखान इलाके में नाकाबंदी की। संदिग्ध वाहन को रोकने पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए। गाड़ी के भीतर छिपाकर रखा गया 80 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजय कुमार अनुरागनी (21 वर्ष) निवासी हमीरपुर, उत्तर प्रदेश, हुलेश दीवान (46 वर्ष) निवासी नर्रा, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ सामिल है। इन आरोपियों के पास से गांजे के अलावा तस्करी में प्रयुक्त 15 लाख रुपये मूल्य की स्कॉर्पियो और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने कुल 55 लाख 7 हजार रुपये का माल बरामद किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी के सोर्स पॉइंट और डेस्टिनेशन पॉइंट की जांच कर रही है। साथ ही इनके वित्तीय लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है।



### राजस्थान के दो तस्कर गांजे के साथ गिरफ्तार

थाना सिंघोड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक पर गांजा तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सूरज गवारिया (19 वर्ष) और निर्मला धाकड़ (49 वर्ष) शामिल हैं, जो राजस्थान के बूंदी और कोटा जिले के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से 4 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की गई प्लेटिना मोटरसाइकिल आरजे20 बीए 8064 और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 2.25 लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# अवैध महुआ शराब निर्माण तथा विक्रय पर बड़ी कार्रवाई

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी विभाग द्वारा अवैध महुआ शराब निर्माण तथा विक्रय पर बड़ी कार्रवाई की गई। गश्त के दौरान आबकारी जिला स्तरीय टीम द्वारा ग्राम पलसापाली थाना बलौदा एवं ग्राम सुखापाली थाना सरायपाली तथा ग्राम पैकिन थाना सिंघोड़ा क्षेत्र में संघन जांच करते हुए गैर जमानती के 08 प्रकरण तथा 01 जमानती प्रकरण कायम कर कुल 140 लीटर महुआ शराब तथा 3590 किग्रा महुआ लाहन बरामद किया गया। जिसका अनुमानित कुल बाजार मूल्य 2 लाख 7 हजार 500 रुपए है। उपरोक्त प्रकरणों में 03 व्यक्तियों क्रमशः अनिल निराला, विजय रत्नाकर एवं खगेश्वर रत्नाकर को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त आरोपियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) तथा 34(2), 59(क) के तहत न्यायालय से रिमांड लेकर जेल भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मिर्ज़ा जफ़र बेग, हृदय कुमार तिरपुडे, नीरज कुमार साहू, शिवशंकर नेताम व अनिल कुमार झरिया तथा आबकारी आरक्षक-देवेश मांझी, प्रधान आरक्षक संजय मरकाम एवं वृत्त सरायपाली, बसना, सांकरा, महासमुंद स्टॉफ का सहयोग रहा।





**खबर संक्षेप**

### गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी सांसद रूपकुमारी



**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर सांसद चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी।

### रास्ते में कांच फेंकने को लेकर विवाद, महिला से मारपीट

**महासमुंद।** रास्ते में कांच फेंकने को लेकर हुए विवाद में महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदपाली की है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया नम्रता पंडा ने बताया कि 20 जनवरी को उसके घर के पीछे में बाड़ी जाने वाले रास्ते में कांच का टुकड़ा पड़ोसी सुभाषिनी ने फेंक दिया था। जब प्रार्थिया ने महिला को ऐसा करने से मना किया तो वह गालियां देते हुए मारपीट करने लगी। इसी दिन लगभग शाम 6 बजे सुभाषिनी पंडा के पति अशोक पंडा ने भी महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपियोंके विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अवैध धान विक्रय मामले में पटवारी निलंबित

**महासमुंद।** तहसील बसना अंतर्गत ग्राम ठाकुरपाली में धान विक्रय से जुड़े मामले में लापरवाही सामने आने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना हरिशंकर पैंकरा ने पटवारी को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार बसना की जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 47, राजस्व निरीक्षक मंडल गढ़फुलझर में पदस्थ हरिशंकर नायक द्वारा कृषक गिरधारी डड़सेना पिता राम प्रसाद के नाम पर धान विक्रय के लिए भौतिक सत्यापन किया गया था। मौके पर 108 क्विंटल के स्थान पर 70 क्विंटल (175 बोरी) धान पाया गया, जबकि संबंधित कृषक ने उक्त धान का स्वामित्व स्वीकार नहीं किया। जांच में यह भी सामने आया कि किसी अन्य कृषक के धान को साक्ष्य कृषक बताकर खाते में बेचने का प्रयास किया जा रहा था। मामले में पटवारी की गंभीर लापरवाही स्पष्ट होने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन प्राप्त जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना द्वारा तत्काल प्रभाव से पटवारी हरिशंकर नायक को निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय बसना नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि धान उपार्जन और विक्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# केना में 50 लाख की गड़बड़ी, फरार चल रहे खरीदी प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी में बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है। सरायपाली विकासखंड के केना धान उपार्जन केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान भारी मात्रा में धान और बारदाने कम पाए गए हैं। इस मामले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर केंद्र प्रभारी गोपाल नायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिसके बाद से आरोपी फरार है। 18 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली द्वारा गठित एक संयुक्त जांच टीम ने केना केंद्र का औचक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया। जब टीम ने ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों का मिलान मौके पर मौजूद स्टॉक से किया, तो आंकड़ों में जमीन-आसमान का अंतर मिला। रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 29,628 नग बारदाना यानी 11,851.20 क्विंटल धान होना चाहिए था। जांच टीम को भौतिक सत्यापन में केवल 25,615 नग बारदाने एवं 10,246 क्विंटल धान ही मिले। कुल 1,605.20 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 49,76,120 रुपये आंकी गई है।

**बारदानों में भी हेराफेरी**

जांच रिपोर्ट में न केवल धान कम मिला, बल्कि बारदानों के उपयोग में भी भ्रष्टाचार की बात सामने आई है। जांच टीम के अनुसार, 2007 नग नए बारदाने और 2006 नग पुराने बारदानों के उपयोग में भारी अनियमितता बरती गई। इसके अलावा, जब धान की बोरियों का रैंडम वजन किया गया, तो बोरियों का वजन तय मानक से कम पाया गया। इस पूरी लापरवाही और गड़बड़ी की वजह से शासन को कुल 50,41,924.60 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

**कलेक्टर की सख्त कार्रवाई**

जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इसे बेहद गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर उपायुक्त सहकारिता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की शाखा तोरेसिंहा द्वारा सरायपाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने ग्राम इच्छापुर निवासी केंद्र प्रभारी गोपाल नायक के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है और उसकी तलाश जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अनियमितता पर प्रबंधन एवं ठेकेदारों को नोटिस जारी

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत भगवती इंडस्ट्रीज एव साबू एलपीजी एक्यूपमेंट प्रा लि बेलसोंडा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी जिला रामकुमार ध्रुव, श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग डीएन पात्र, श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल उपस्थित रहे। भगवती इंडस्ट्रीज में श्रम विभाग द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम, 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, के अन्तर्गत जांच/निरीक्षण किया गया। 03 ठेकेदार कार्यरत पाए गए। जिनके द्वारा लाइसेंस लिया जाना नहीं पाया गया। उक्त संबंध में ठेकेदारों को लाइसेंस लिये जाने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। ओवरटाइम का रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। सूचना बोर्ड प्रदर्शित नही पाया गया। जिसके संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है। जिला परिवहन विभाग की जांच में कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई। इसी प्रकार साबू एलपीजी एक्यूपमेंट प्रालि बेलसोंडा का निरीक्षण किया गया। श्रम विभाग की जांच में ठेकेदार नियोजित नहीं पाया गया। फैक्ट्री रोल में कर्मचारी नियोजित पाए गए। जिनका रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया।

# कन्या कॉलेज में वित्तीय जागरुकता एवं साइबर ठगी पर विद्यार्थी संवाद का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान तथा अग्रणी लीड बैंक व्दारा महाविद्यालयीन छात्राओं में शैक्षणिक ज्ञान संवर्धन एवं गुणवत्ता विकास के संबंध में वित्तीय जागरुकता एवं साईबर धोखाधड़ी पर विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन 21 जनवरी 2026 बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में अविनाश कुमार क्षेत्रीय समन्वय अधिकारी भारतीय रिजर्व बैंक परिक्षेत्र शाखा रायपुर एवं अभय पारे प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा जिला अग्रणी बैंक शाखा महासमुंद एवं कमलेश पटेल प्रतिनिधि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, ओमप्रकाश पटेल फाईनेंशियल साक्षरता क्रेडिट परामर्शदाता आमंत्रित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में वित्तीय समावेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्येक व्यक्ति को अपने अध्ययनकाल से ही वित्तीय प्रबंधन एवं बचत को प्रोत्साहन करते हुए उस राशि के उचित माध्यम में विनिवेश की संभावनाओं को तलाशना होगा। साथ ही आज सभी को लगातार हो रहे साईबर धोखाधड़ी से विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अविनाश कुमार क्षेत्रीय समन्वय अधिकारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपस्थित छात्राओं को भारतीय रिजर्व बैंक की कार्यप्रणाली एवं उसके वित्तीय समावेशन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालयीन छात्राओं से परस्पर संवाद के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

ओमप्रकाश पटेल फाईनेंशियल साक्षरता क्रेडिट परामर्शदाता व्दारा अपने उद्बोधन में महिलाओं में बचत एवं खर्चो के प्रति अत्यधिक जागरूक एवं सजग रहने की प्रवृत्ति



पर प्रकाश डालते हुए उनके वित्तीय प्रबंधन की प्रशंसा की। किंतु, साथ ही पर्याप्त जानकारी एवं जागरुकता में कमी व अभाव के कारण उत्पन्न होने वाली साईबर डिजिटल धोखाधड़ी की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। कमलेश पटेल प्रतिनिधि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अभय पारे प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा द्वारा स्वरोजगार स्थापित किए जाने के लिए आवश्यक सरकारी योजनाओं एवं उनके लिए आवश्यक साख एवं ऋण पूंजी की उपलब्धताओं एवं बैंकिग सहायता से संबधित आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं का आभार प्रदर्शन करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि यदि सभी लोग जागरूक एवं सतर्क रहें तो लगातार हो रही साइबर धोखाधड़ी एवं ठगी से ना केवल स्वयं को बल्कि अन्य लोगों को भी बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख डॉ.शीलभद्र कुमार, डॉ.सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, अरविंद साहू, ओंकार प्रसाद साहू, डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, उमा साहू आदि मौजूद रहे। संचालन गुप्तेश नामदेव अतिथि व्याख्याता वाणिज्य संकाय ने किया।



### पूर्व मंत्री डहरिया का महासमुंद आगमन पर हुआ स्वागत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया निजी कार्यक्रम में शामिल होने बुधवार को महासमुंद पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होनें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला महामंत्री संजय शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, हरदेव ढिल्लो, जसबीर ढिल्लो, भूपेंद्र ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, सेवन लाल चंद्राकर, हीरा बंजारे, गणेश शर्मा, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, पार्षद विक्की खान, सेवादल जिलाध्यक्ष नितेंद्र बैनर्जी, ममता चंद्राकर, तुलसी साहू, गोपी तारक, हार्दिक सोना, शहजान पाशा, दिव्येश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, विराज चंद्राकर, अक्षय साकरकर, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू, अरिन चंद्राकर, राजू साहू, निखिल चंद्राकर, दुष्यंत होता, सुरेंद्र ठाकुर समेत अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दो पालियों में होगी छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 01 फरवरी 2026 को दो पालियों में जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 03 बजे से शाम 05:45 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में 4440 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने परीक्षा के निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने के लिए 17 परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं। जिसमें परीक्षा केंद्र क्रमांक 2301 के लिए कार्यपालन अभियंता प्र.मं.ग्रा.स. आशीष कुलदीप, परीक्षा केंद्र क्रमांक 2302 के लिए कार्यपालन अभियंता लोनि सीएस चंद्राकर, परीक्षा केंद्र 2303 के लिए कार्यपालन अभियंता जल संसाधन अजय कुमार खरे परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक होंगे। इसी प्रकार परीक्षा केंद्र क्रमांक 2304 के लिए जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी, 2305 के लिए अनुविभागीय अधिकारी वन परिक्षेत्र वेंकटेश एमजी, 2306 के लिए जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव, 2307 के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, 2308 के लिए कार्यपालन अभियंता गृह निमं नूरेंद्र कुमार चंद्राकर, 2309 के लिए उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, 2310 के लिए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू, 2311 के लिए जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, 2312 के लिए जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा, 2313 के लिए खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश, 2314 के लिए सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भीमराव घोड़ेसवार, 2315 के लिए जिला रोजगार अधिकारी एओ लॉरी, 2316 के लिए सहायक संचालक उद्यान पायल साव होंगे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भक्त गुहा निषादराज की जयंती, निकाली गई शोभायात्रा



**महासमुंद।** शहर में भक्त गुहा निषाद जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निषाद समाज द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। मछुवा कांग्रेस के अध्यक्ष ढेलू निषाद, निषाद समाज के सचिव नंदकुमार निषाद, नदी परिक्षेत्र के अध्यक्ष राजेन्द्र निषाद और शहरी संगठन की अध्यक्ष गायत्री निषाद के नेतृत्व में समाज ने अपनी एकता और संस्कृति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भगवान गुहा निषाद के आदर्शों को याद किया गया।

### कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, तहसीलदार की जांच के बाद व्यापारी सोनू अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** ओडिशा राज्य से अवैध धान खपाने से संबंधित मामले में सरायपाली के धान व्यापारी सोनू अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। तहसीलदार सरायपाली द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया नियमों के उल्लंघन एवं अनियमितता की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर विनय लंगेह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण एवं संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए गए, जिसमें तथ्यों की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार सरायपाली विकासखंड अंतर्गत व्यापारी सोनू अग्रवाल द्वारा अवैध रूप से धान का परिवहन एवं खपाने की गतिविधियां पाई गईं। जांच के दौरान कुल 04 माजदा वाहनों से 864 पैकेट (कुल 345 क्विंटल) धान बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन करते हुए पकड़ा गया। यह धान ओडिशा से लाकर समितियों एवं किसानों को अवैध रूप से खपाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। उक्त प्रकरण में संबंधित सोनू अग्रवाल के विरुद्ध मामाला दर्ज किया है।

### बिना अनुमति के भगतदेवरी में लगा ब्लड डोनेशन कैंप, स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई, 7 यूनिट रक्त जब्त

**महासमुंद।** बिना अनुमति और सुरक्षा उपायों को दरकिनार करते हुए संचालित ब्लड डोनेशन कैंप पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भगत देवरी में बिना अनुमति शिविर संचालित किए जाने की शिकायत के आधार पर 21 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में बीएमओ पिथौरा डॉ. तारा अग्रवाल, औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज, जिला परियोजना समन्वयक ओम प्रकाश धुरंधर एवं लैब टेक्नीशियन खिलेश्वर चंद्राकर शामिल थे। टीम द्वारा संदीप अग्रवाल के बाड़े में, लाडो किराना के पास आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिस स्थल पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा था, वह निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं था। शिविर में शासन के निर्देशानुसार आवश्यक चिकित्सक एवं प्रशिक्षित स्टाफ भी उपस्थित नहीं थे। साथ ही बिना सक्षम अनुमति के अवैधानिक रूप से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा था। जांच में ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 एवं नियम 1945, साथ ही एनएसीओ एंड एनबीटीसी के विधिक प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए शिविर को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। मौके से 07 यूनिट रक्त जब्त किया गया, जिसे उचित तापमान में संग्रहित नहीं किया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देशित किया है कि बिना अनुमति एवं निर्धारित मानकों के विपरीत किसी भी प्रकार का ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करना कानूनन अपराध है। ऐसी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।







तृतीय पुण्यतिथि



स्वर्गवास
23.01.2023

पुण्यतिथि
23/01/2026

स्व. राधेश्याम जी शर्मा
(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

आदरणीय पिता जी जो जीवन आपने जिया, वही आपकी पहचान है।
कर्तव्य, ईमानदारी और सेवा का जो मार्ग आपने दिखाया
वही हमारी सबसे बड़ी विरासत है। आपको शत शत नमन...
आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप मे सदैव हमारे साथ रहे...

आज ही के दिन हमारे पिताजी
स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन एवं शुभचिंतकों के द्वारा आपको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धानवत्

लक्ष्मीनारायण शर्मा,
अशोक शर्मा, मनोज शर्मा,
विजय शर्मा (भतीजे)
एवं समस्त कलावटिया परिवार
रायपुर (छ.ग.)

राजेश शर्मा (पुत्र)
पूर्व अध्यक्ष- जिला सहकारी कृषि
एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर
पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
रेणु शर्मा- राकेश शर्मा (बेटी - दामाद)
डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा (बेटी-दामाद)
युवराज, रघुराज (पौत्र)

फर्म- माँ मौवली राईस इंडस्ट्रीज रायपुर



## श्रीराम स्कूल में पालक-बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में पालक-बैठक बैठक का आयोजन शाला समिति अध्यक्ष कल्याणी यादव, उपाध्यक्ष सुखबाई मिरि, प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम एवम पालकगण की उपस्थिति में हुआ। बैठक में लक्ष्मी मानिकपुरी द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थित के महत्व पर जोर दिया गया। हेमलाल चक्रधारी द्वारा विद्यार्थियों के स्वयं का बैंक खाता खुलवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी गई। किशोर देवांगन द्वारा आपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही गणतंत्र दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल का निरीक्षण पालकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम द्वारा सभी उपस्थित पालकों, शाला समिति सदस्यों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में शिक्षिका गीता गोस्वामी, लीनू चंद्राकर, शांति पुरैना, डिग्रेश पुरैना का सराहनीय योगदान रहा।

## खिलाड़ियों ने हैंडबॉल में दिखाई प्रतिभा

**बागबाहरा।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में हुआ। प्रतियोगिता में बलौदा बाजार–महासमुंद सेक्टर के कुल 8 कॉलेज के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल को खेल भावना से खेलें। हार जीत की चिंता किए बगैर आगे निरंतर बढ़ते रहें। शिक्षा अर्जन के समय खेल महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इससे न केवल हमारा व्यक्तित्व बल्कि चारित्रिक निर्माण भी होता है। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज में खेल सहित अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रतियोगिता के अंत में राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर व टॉस कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दोनों वर्गों में महासमुंद विजेता एवं बागबाहरा उपविजेता रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक शिवगोपाल रात्रे, लक्ष्मण सिंह साहू, गजानंद बुडेक नीलमणि साहू, सागर दीवान सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं विभिन्न कॉलेजों के क्रीड़ाधिकारी व खिलाड़ी शामिल हुए।



## मंता बने मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष का जताया आभार

**बागबाहरा।** कांग्रेस ने बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष पद पर मंता यादव की नियुक्ति की है। जिस पर उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठजनों का आभार जताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस हाईकमान ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिसमें बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष मंता यादव को बनाया गया है। शहर मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मंता यादव ने विधायक कार्यालय पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर उनका आभार जताया। उन्होंने आश्वस्त किया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर खरा उतरने वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

**आयोजन:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के हाथों शिक्षक डोलामणि साहू हुए सम्मानित

# राज्यपाल ने किया एक पेड़ मां के नाम साझा काव्य संग्रह का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से प्रेरित होकर शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम साझा काव्य संग्रह का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर संकलित रचनाओं की इस पुस्तक का विमोचन राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा राजभवन में हुआ। इस अवसर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा शिक्षक साहित्य परिषद के सदस्यों सहित डोलामणि साहू राज्यपाल पुरस्कृत को श्रीफल, अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा विभा अवस्थी, डॉ विनय पाठक, कुलपति थाबे विद्यापीठ बिहार एवं पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग, वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर एवं महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक असंतुलन की चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में साहित्य का यह स्वरूप लोगों को प्रेरित करता है कि वे प्रकृति से जुड़ें, उसे समझें और उसकी रक्षा करें। माँ की तरह ही एक पेड़ भी हमें जीवन, छाया, ऑक्सीजन, फल, फूल, ईंधन और आश्रय सब कुछ निःस्वार्थ देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह काव्य संग्रह पाठकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनने के लिए प्रेरित करेगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल अपने उद्बोधन में आयोजनकर्ता शिक्षकों के प्रयास की सराहना की और कहा कि जननी और प्रकृति दोनों ही निःस्वार्थ प्रेम,ममता जीवन और आश्रय प्रदान करती हैं। इनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव परम आवश्यक है। अध्यक्षता कर रहे चंदूलाल साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान और इसके तहत प्रकाशित काव्य संग्रह का प्रकाशन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का अद्वितीय उदाहरण है। डॉ विनय कुमार पाठक कुलपति ने कहा कि आज के युग में पर्यावरण चेतना का प्रसार प्राथमिक स्तर पर होना अपरिहार्य है। आप लोगों ने सर्जनात्मकता की दृष्टि से इसे उपादेय बना दिया है। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को देवतुल्य स्थान दिया गया है और मां को सृष्टि का रचयिता माना गया है। एक पेड़ मां के नाम इसी चिरकालिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाला साहित्यिक अभियान है। संतोष उपाध्याय ने पर्यावरण संरक्षण और साहित्य के क्षेत्र में किये जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए की सराहना। महेश यादव ने कहा कि यह काव्य मंच समाज में प्रेम और पर्यावरण जागरूकता का संदेश देती है। वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली ने नंदा जहि का रे, नंदा जहि का गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुक्तमुग्ध कर दिया। आयोजक एवं प्रबंधकारिणी सदस्य डोलामणि साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा, साहित्य और पर्यावरण के लिए समर्पित 31 शिक्षकों के इस समूह द्वारा अखिल भारतीय स्तर एक पेड़ मां के नाम थीम पर काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षकों, साहित्यकारों और रचनाकारों ने 650 से अधिक कविताएं भेजी। श्रेष्ठ 151 कविताओं का संकलन कर पुस्तक प्रकाशन किया गया। साथ ही चयनित 31 रचनाकारों को श्रीफल, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं 1100 रुपए की नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु एवं छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों द्वारा काव्य पाठ किया गया। जिसमें रचनाकारों ने अपनी प्रतिनिधि कविताओं से समा बाँधा। निहारिका साहू व लक्ष्मी साहू ने राज्यगीत और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पुस्तक का संपादन कार्य संयोजक सागर शर्मा ने किया। आयोजनकर्ताओ में सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, मीनाक्षी शर्मा, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक कुमार शर्मा, विजेता देवानी, ज्ञानेंद्र शर्मा, अनिल अवस्थी,अभिषेक गोलछा, संतोष साहू, अनिल मेघवानी, पूरन लाल साहू बिजली, श्याम सुंदर साहू, पूनम दीवान, दुष्यंत वर्मा, लक्ष्मीनारायण सेन, पूरन लाल साहू, ओंकार शर्मा, असीम श्याम हरित, मोहम्मद अनवर, सुदामा प्रसाद लोधी, संतोष तारक, अशोक कुमार टोंडे मुंगेली, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका रश्मि वर्मा रायगढ़, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक शिवकुमार बंजारे, लक्ष्मण बांधेकर, कमलेश लांझे (कबीरधाम) राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका प्रीति शांडिल्य, राधिका साहू (धमतरी), शांतिलाल कश्यप कोरबा, डोलामणि साहू (पिथौरा) महासमुंद का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरीश शर्मा ने किया। समारोह में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पूर्व सरपंच डाली साहू, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, थाना प्रभारी अमृतलाल साहू, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार राजिम, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, प्राचार्य रामनारायण मिश्र, शिक्षकगण, पत्रकारगण एवं नागरिक उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत 21 जनवरी को शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) विषय पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में समस्त जिले के अंतर्विभागीय एक-एक प्रतिभागियों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग व नगरीय प्रशासन के एक-एक प्रतिभागियों को नामांकित किया गया था। राज्य स्तरीय कार्यशाला के उपरांत कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) विषय पर जिले के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्रवाई कर उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।



## निषाद जयंती में शामिल हुए देवीचंद

**महासमुंद।** निषाद समाज द्वारा स्थानीय वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित निषाद जयन्ती समारोह में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। भगवान श्रीराम एवं भगवान गुहाराज की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि निषाद राज भगवान राम के परम मित्र थे। वन गमन के दौरान गंगा नदी पार कराने वाले गुहाराज रामचरित्र मानस के अभिन्न अंग है। जीवन में हर व्यक्ति का महत्व है, यह साबित गुहाराज भगवान ने किया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में निषाद राज का भव्य मंदिर है। देवीचंद ने निषाद समाज के वरिष्ठ लोंगो से कहा कि छग की विष्णुदेव सरकार अयोध्या दर्शन करा रही है। आप भी नगर पालिका में अयोध्या दर्शन के लिए आवेदन करें। छग सरकार आप सभी को भी बारी-बारी से भगवान राम जन्म भूमि अयोध्या का दर्शन कराएगी। इस दौरान वार्ड क्र.4 पार्षद राहुल आवडे, निषाद समाज के ढेलू निषाद, नंदकुमार निषाद, गायत्री निषाद, दाऊलाल आदि मौजूद रहे।




## खबर संक्षेप



### सोहम हास्पिटल में हृदय रोग जांच शिविर आज

**महासमुंद।** स्थानीय सोहम हॉस्पिटल में 23 जनवरी शुक्रवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। जिसमें ओपीडी निःशुल्क रहेगा। ईसीजी, मको एंड लिपिड प्रोफाइल जैसे टेस्ट का लाभ ले सकते हैं। समस्या जैसे कि बीपी की समस्या, चलने में हाफ ना, सोने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप होना आदि की जांच करा सकते हैं।

### बड़गांव में मनाई गई गुहा जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बड़गांव में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती मड़ई मेला कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने कहा कि ऋंगवेरपुर के राजा गुहा थे। इनके पिता का नाम हिरण्यधनु और माता का नाम सुलेखा था, जो निषाद समाज के थे। उन्होंने त्रेतायुग में वनवास काल में भगवान राम, सीता तथा लक्ष्मण को गंगा पार कराई। महाराज गुहा का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी को हुआ था। इसीलिए इस तिथि पर महाराज गुहा की जयंती मनाई जाती है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज शपथ कार्यक्रम

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 24 एवं 25 जनवरी 2026 को शासकीय अवकाश होने के कारण सुविधा की दृष्टि से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को समय प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय एवं सार्वजनिक उपक्रम कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की शपथ दिलाई जाएगी।

### हृदय रोग जांच 25 को

**महासमुंद।** हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुनाल ओस्तवाल (एमडी, डीएम) का 25 जनवरी 2026 रविवार को प्रातः 11 बजे विवेक वर्धन आश्रम ट्रस्ट प्रांगण में आगमन हो रहा है। जहां पर हृदय रोग संबंधित सभी प्रकार के जांच एवं निदान की व्यवस्था की गई है। मरीज समय पर उपस्थित होकर हार्ट स्पेशलिस्ट से जांच एवं निदान का लाभ उठा सकते है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ट्रक की चपेट में आने से बोरियाखुर्द निवासी सोमनाथ लतेर (42) की मौत हुई है। मंगलवार को सोमनाथ अपनी बाइक से जा रहा था, इस दौरान कुशालपुर, रिंग रोड में ट्रक सीजी 17 एलए 7208 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए सोमनाथ की बाइक को ठोकर मार दी।



# खरीदी केंद्र किशनपुर-सिंघनपुर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में धान खरीदी कार्य को पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से जारी रखने के लिए लगातार सघन दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी केंद्र किशनपुर पिथौरा एवं सिंघनपुर बसना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर शेष धान की मात्रा, दैनिक खरीदी लक्ष्य, उठाव की स्थिति एवं लंबित पंजीकृत किसानों की जानकारी ली।

कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि अब धान खरीदी के लिए केवल 5 दिन शेष रह गए है, जिले में धान खरीदी के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शेष दिनों में मिशन मोड में कार्य करते हुए जिन किसानों की अब तक खरीदी नहीं हुई है, उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचना देकर निश्चित तिथि व समय स्लॉट निर्धारित किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त श्रमिक व हमाल की अस्थायी व्यवस्था की जाए। केंद्रों पर जिला स्तरीय एवं सहकारी समिति के अधिकारी सतत निगरानी रखें तथा भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। धान की गुणवत्ता संबंधी आपत्तियों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जाए, किसानों को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न कराई जाए। धान खरीदी से संबंधित ऑनलाइन एंट्री उसी दिन पूर्ण की जाए, किसी भी स्थिति में लंबित न रखी जाए। खरीदी समाप्ति के साथ ही तत्काल समापन रिपोर्ट, भौतिक सत्यापन एवं अभिलेख मिलान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर कमीशन, अवैध वसूली या अनधिकृत रोक-टोक की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे चर्चा कर कहा कि यदि किसी किसान को अंतिम दिनों में समस्या आती है तो उसकी तत्काल सुनवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी का समापन पूरी पारदर्शिता, अनुशासन के साथ किया जाए। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। महासमुंद जिले में 21 जनवरी की स्थिति में 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 8 लाख 9 हजार 295 मीट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका है। अब तक कुल 5 लाख 18 हजार 507 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हो चुका है। जिसके विरूद्ध 2 लाख 97 हजार 466 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। अब तक एक लाख 28 हजार 68 किसानों द्वारा धान का विक्रय कर लिया गया है, जो पंजीकृत किसानों की संख्या का 80 प्रतिशत हैं।

**यात्रा:** मनरेगा को समाप्त करने की साजिश पर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा

# मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत बैज की अगुवाई में पदयात्रा की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में महासमुंद में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत पदयात्रा की शुरूआत हुई। ग्राम बंदोरा से शुरू हुई यह पदयात्रा रूमेकेल में समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह प्रदेशाध्यक्ष बैज सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने मनरेगा मजदूरों से चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में निकली यह ऐतिहासिक पदयात्रा रायमुड़ा, झाखरमुड़ा होते रूमेकेल पहुंची। ग्राम रूमेकेल में समापन सभा को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने की साजिश पर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

खल्लारी विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने मनरेगा का नाम बदलने पर कहा कि केंद्र सरकार अब नए बदलावों के जरिए मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म करना चाहती है। खल्लारी विधायक यादव ने कहा कि महान अर्थशास्त्री और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2005 में



यूपीए सरकार के तहत मनरेगा जैसी योजनाएं लागू की। जिसमें 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई और अगर समय पर काम नहीं मिलता तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी शामिल था।

इस दौरान सरायपाली विधायक चातुरी नंद, राष्ट्रीय सचिव महिला कांग्रेस गुंजन सिंग,पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व प्रभारी महामंत्री प्रदेश कांग्रेस अमरजीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, मोहित ध्रुव, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, दुर्गा सागर, महासमुंद शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, सेवनलाल चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, हीरा बंजारे, सृष्टि अमर चंद्राकर, नगरपालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, सीटू सलूजा, ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, मोक्ष प्रधान, सृष्टि ध्रुव, रूपकुमारी ध्रुव, जगन्नाथ खैरवार, रोशन पटेल, अन्नू चंद्राकर, अमन चंद्राकर, मानिक साहू, संतोष साहू, ढेलू निषाद, देवनाथ साहू, लखबीर छाबड़ा, करण दीवान, खेमराज सिन्हा, शंकर पटेल, शाहबाज राजवानी, तुलसी साहू, मधुसूदन, तन्मय पांडा, कमल अग्रवाल, रीना कागजी, केशव चौधरी, थनवार यादव, रमन ठाकुर, लेडगाराम साहू, खिलावन ध्रुव, मयाराम टंडन, बिसराम चौहान, खोम सिन्हा, किशन कोसरिया, गजाधर धीवर, अरूण चंद्राकर, बृजेन हीरा बंजारे, ममता चंद्राकर, गिरधर आवड़े, दिलीप जैन, आलोक नायक, जगत देवदास, शेषराज हरदेव, प्रीतम यादव, गंगाराम पटेल, शिव यादव, राहुल यादव, लालसिंग ध्रुव, परस पटेल, दुष्यंत ध्रुव, दीनदयाल साहू, खोरबाहरा, सियाराम यादव, कृष्णकुमार नर्मदा, प्रेमलाल टंडन, शत्रुघन चेलक, राजा गंभीर कुणाल चंद्राकर, अनुराम चंद्राकर, अरिन चंद्राकर, पवन ध्रुव, दिलीप चंद्राकर, देवनाथ साहू, राजू चंद्राकर, फूलसिंह ध्रुव, आशीष दीवान, चंदूलाल साहू, गिरीश पटेल, दुर्गेश यादव, रीमा यादव, अंजोर सिंह ठाकुर, एडिशन ठाकुर, सनत साहू, गणेश महराज, छोटू बघेल, टोमन कागजी, दीपक सिन्हा, मदन पटेल, विवेक पटेल, सौरभ लोधी, तुलसी साहू, देवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# केशव के नेतृत्व में बागबाहरा में गूंजा सामाजिक न्याय का स्वर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर

- बागबाहरा में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 103वीं जयंती

की 103वीं जयंती बागबाहरा में बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाई गई। यह आयोजन पिछड़ा वर्ग प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्ग के अधिकारों को लेकर विचार व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें सच्चा जननायक बताया।

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने शिक्षा और प्रशासन में समान अवसर की दिशा में ऐतिहासिक फैसले लिए। सादगी, ईमानदारी और जनसेवा उनके व्यक्तित्व की पहचान थी। उनकी 103वीं जयंती पर उन्हें याद करना सामाजिक समानता के संकल्प को दोहराने जैसा है।

# परकोम में मरार समाज ने धूमधाम से मनाया शाकंभरी जयंती महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

ग्राम परकोम में मरार समाज द्वारा गुरुवार को शाकंभरी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव की शुरूआत समाज के महिलाएं व युवतियों ने सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकाली गई। जहां समाज के लोग बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद मरार समाज के आराध्य देवी कंदमूल साग सब्जियां की दात्री मां शाकंभरी देवी की पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने पारी पारी से माता शाकंभरी देवी की पूजा अर्चन कर हरि सब्जियां साग भाजी कंदमूल अर्पित कर भोग लगाया। इस शाकंभरी पूजा महोत्सव व महाआरती में मरार समाज के संरक्षक सेतराम पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालूराम पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित पटेल, स्थानीय सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, पूर्व सरपंच किशोर, यादव समाज के प्रमुख गुहाराम यादव आदि ने शिरकत की। इस अवसर पर समाज के संरक्षक सेतराम पटेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि शाकंभरी जंयती महोत्सव हर वर्ष मनाना चाहिए। माता शाकंभरी को प्रकृति हरियाली और वनस्पतियों सब्जी की देवी है। कथाओं के अनुसार शताक्षी स्वरूप देवी की आंखो से नौ दिनों तक लगातार आंसू बहे। फिर से नदी नाले भर गई और धरती हरि भरी हो गई। इसके बाद पूर्व सरपंच किशोर ने भी संक्षिप्त में संबोधित कर मां शाकंभरी देवी की उत्पत्ति कैसे हुई विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान पुरुषोत्तम पटेल, नेतराम पटेल, कृष्ण चंद पटेल, लछमन पटेल, परमेश्वर पटेल, भोजराज पटेल, गजेंद्र पटेल, समाजदूत अजित पटेल आदि मौजूद रहे।

### बेलसोंडा में गुहा निषाद जयंती आज

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में निषाद समाज के तत्वावधान में शुक्रवार 23 जनवरी को गुहा निषाद जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हवन एवं पूजन के साथ होगी। दोपहर 12 बजे भूमिपूजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से झांकी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल होंगे। अतिथियों का आगमन दोपहर 12 बजे निर्धारित है। मुख्य अतिथि विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, उपसरपंच बेलसोंडा कुणाल चंद्राकर, मेंशन मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राधेश्याम धीवर, धीवर समाज महासमुंद परगना अध्यक्ष लखन धीवर, उपाध्यक्ष डोमार सिंह धीवर, कोषाध्यक्ष नंदकुमार धीवर, सचिव घनश्याम धीवर तथा पूर्व अध्यक्ष नाथूराम धीवर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा ग्रामीण पदाधिकारी अध्यक्ष त्रिभुवन धीवर, पंचगण घनश्याम धीवर, बिरसिंग धीवर, परस (रुगू), तारक, सचिव संजू धीवर सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं सलाहकारगण बुजेश्वर धीवर, दिलीप धीवर, भीखम धीवर, गंगाधर, खुमान, हीरालाल, दुष्यंत, रेवा एवं परस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

# धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाई जाए: देवेंद्र बहादुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर बसना विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र बहादुर सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने धान खरीदी में हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदने के प्रति गंभीर नहीं है।



देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है, जिससे तय समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति संभव नहीं दिख रही। टोकन व्यवस्था और खरीदी की लिमिट किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। वर्तमान हालात को देखते हुए स्पष्ट है कि तय तिथि तक प्रदेश के 27 लाख से अधिक किसान अपना धान नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की निष्क्रियता के कारण किसान बिचौलियों को औने-पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हो रहे हैं, ताकि भाजपा सरकार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने से बच सके। देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी किसानों को धान बेचने के लिए इतना परेशान नहीं देखा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दो साल के अनुभव के बाद भी धान खरीदी की व्यवस्था संभल नहीं पाई है। खेत की गिरदावरी, बोआई, खाद पंजीयन, किसान पंजीयन, टोकन व्यवस्था, सीमित कोटा और राइस मिलों तक सरकार हर स्तर पर विफल साबित हुई है। अब भी बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है और धान खरीदी केंद्र मजाक बनकर रह गए हैं। देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों में भारी आक्रोश है। सरकार को धान खरीदी की समय-सीमा एवं लिमिट का बंधन बढ़ाना चाहिए। ताकि, किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने सरकार से मांग की कि धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाई जाए, टोकन से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए और किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाए।

### पुलिस लाइन परसदा में स्कूल बसों का अनिवार्य भौतिक परीक्षण शिविर 1 को

**महासमुंद।** जिले में संचालित स्कूल बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रविवार 01 फरवरी 2026 को स्कूल बसों का भौतिक परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से पुलिस लाइन परसदा में किया जाएगा। इस शिविर में झलप, तुमगांव, बागबाहरा एवं महासमुंद तहसील अंतर्गत संचालित समस्त स्कूलों की बसों को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। जिला परिवहन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि स्कूल प्रबंधन अपने संस्थान में संचालित सभी स्कूल बसों को निर्धारित तिथि एवं समय पर वाहन चालक एवं परिचालक सहित तथा वाहन व उनसे संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ निरीक्षण हेतु उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय एवं स्थान पर वाहन अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित स्कूल प्रबंधन का होगा।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने की त्वरित व सख्ती से कार्रवाई

# सख्ती के बाद महासमुंद में बाल क्रूरता मामले के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की त्वरित एवं सख्त कार्रवाई के चलते जिले में एक बच्चे के साथ क्रूरता के गंभीर मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के एक गांव में समाज के एक रसूखदार परिवार द्वारा एक बच्चे को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटने की सूचना आयोग को मिली थी। बच्चे पर 600 रुपए की चोरी का झूठा आरोप लगाया गया था, जो जांच में पूरी तरह असत्य पाया गया। सूचना मिलते ही आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा स्वयं देर रात गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवार से भेंट कर पूरे मामले की विस्तृत जांच की। जांच में यह भी सामने आया कि बच्चे के साथ मारपीट के बाद उसके पिता को भी गंभीर रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे आहत होकर पिता ने आत्महत्या कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. शर्मा ने तत्काल पुलिस महानिदेशक से समन्वय कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके फलस्वरूप आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आयोग ने प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी की गंभीर लापरवाही



पर दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानेदार को निंदा की शास्ति दी गई, जिसे आयोग ने अपर्याप्त मानते हुए पुलिस मुख्यालय से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ करवाई है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में तीनों आरोपियों के विरुद्ध चालान प्रस्तुत कर दिया गया है तथा प्रमुख आरोपी को जनवरी माह के मध्य तक जेल में रखा गया है। आयोग की अनुशंसा पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 127(2), 115(2), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। साथ ही आयोग ने बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण दल को निर्देशित किया है कि पीड़ित बच्चे की संपूर्ण देखभाल, शिक्षा एवं पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाए। आयोग ने न्यायालयीन प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 तथा यदि बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत निषेधित श्रम पाया जाता है, तो उससे संबंधित सुसंगत धाराओं को अभियोग पत्र में शामिल करने के भी निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए हैं।

